अमृत महोत्सव की श्रृंखला में

# सत्रांश

वार्षिक संवाद पत्र

मुन्नालाल एण्ड जयनारायण खेमका गर्ल्स कॉलेज, सहारनपुर

सत्यमेव जयते

द्वितीय संस्करण

जून 2022 | सत्र- 2021-22

## एम.एल. एण्ड जे.एन.के. गर्ल्स कॉलेज

चिलकाना रोड, सहारनपुर



**प्राचार्या की कलम से..**

**मंथन**

**माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय**

**हमारा लक्ष्य**

**विषय वस्तु**

अमृत महोत्सव

- शैक्षणिक गतिविधियाँ
- सह-शैक्षणिक गतिविधियाँ
- शिक्षणेत्तर गतिविधियाँ

एन.सी.सी.

मिशन शक्ति

रेंजर

खेलकूद

महाविद्यालय के महापर्व

स्वास्थ्य

पर्यावरण जागरूकता

स्वरोज़गार

राष्ट्रीय सेवा योजना

महाविद्यालय के सितारे

नई शिक्षा नीति...


## प्राचार्या की कलम से. . .



छात्र जीवन में अनेक विधाओं को सीखने का समय व अवसर उपलब्ध होता है। इन विधाओं को सीखकर छात्र-छात्राएँ अपने जीवन को सँवारने में एक सीमा तक स्वयं समर्थ हो जाते हैं। इसी तथ्य को दृष्टिगत रखते हुए हमारे महाविद्यालय में छात्राओं के व्यक्तित्व के सम्पूर्ण विकास हेतु अनुशासनात्मक, संवेदनात्मक, प्रतिस्पर्धात्मक व रोजगारपरक वातावरण उपलब्ध करवाया जाता है। छात्राओं को देश के संविधान व लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूक करने के लिए समय-समय पर कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। उन्हें शासन द्वारा प्रदत्त कार्यक्रम जैसे पर्यावरण संरक्षण, वातावरण स्वच्छता, अमृत महोत्सव, सड़क सुरक्षा तथा मिशन शक्ति के अन्तर्गत निर्धारित विभिन्न गतिविधियाँ करायी जाती है। उन्हें एन.सी.सी., एन.एस.एस एवं रेंजर आदि विधाओं से जोड़ा जाता है। नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत महाविद्यालय में छात्राओं को विषय-विशेषज्ञों द्वारा स्किल डेवलपमेंट, को-क्यूरिकुलर तथा माइनर विषयों के पाठ्यक्रम का शिक्षण-प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, जिससे छात्राओं के ज्ञान में उत्तरोत्तर वृद्धि हो रही है। महाविद्यालय में इनक्यूबेशन सेन्टर की स्थापना कर छात्राओं को रोजगार के गुण सिखाए जा रहे हैं। महाविद्यालय की शिक्षिकाएँ शिक्षण-कार्य के साथ-साथ छात्राओं की समस्याओं को सहानुभूतिपूर्ण तरीके से समझकर, आत्मीयता से उनका समाधान कर छात्राओं को संतुष्ट करने का प्रयास करती हैं। मैं, महाविद्यालय के सतत् विकास तथा छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए निरन्तर प्रयासरत हूँ।

**प्रो. मेजर पंकज छाबड़ा,** प्राचार्या

## मंथन




आपके कर-कमलों में 'सत्रांश' भेंट करते हुए अत्यन्त हर्ष की अनुभूति हो रही है। महाविद्यालय में ज्ञान की चिर-पिपासा लिए आने वाले विद्यार्थियों के मानस को सुरभित तथा उनके व्यक्तित्व को पल्लवित करना शिक्षकों का धर्म है। ज्ञानी, सबल, गुणवान व प्रतिभाशाली छात्र किसी भी राष्ट्र की अमूल्य मानव संपदा है। हमारा महाविद्यालय ज्ञान की अलख जलाने के साथ ही छात्राओं के सर्वांगीण विकास तथा व्यक्तित्व के विभिन्न आयामों को निखारने के लिए निरन्तर प्रयासरत है। सदैव की भाँति विगत सत्र में भी महाविद्यालय में नियमित कक्षाओं के संचालन व परीक्षा कार्य के अतिरिक्त अनके गतिविधियों व कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों के शैक्षणिक हितों के साथ ही उनके शिक्षणेत्तर विकास की समस्त संभावनाओं को उच्च आयाम दिया गया। विभिन्न शैक्षणिक व शिक्षणेत्तर गतिविधियों में प्रतिभाग करते हुए छात्राओं ने अपनी कलात्मक अभिरूचियों व सृजनशीलता का श्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

विश्वास है कि महाविद्यालय की शैक्षणिक, शिक्षणेत्तर, साहित्यिक व सांस्कृतिक गतिविधियों एवं उपलब्धियों का दर्पण 'सत्रांश' का यह अंक पाठकों को रूचिकर लगेगा।

'विद्या वितर्को विज्ञानं स्मृतिः तत्परता क्रिया। यस्यैते षड़गुणास्तस्य नासाध्यमतिवर्तते।।

**डॉ. अनुपम बंसल,** संपादक



**प्रो. एच. एस. सिंह**
कुलपति

# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय से महाविद्यालय की सम्बद्धता



**श्री वीरेन्द्र कुमार मौर्य**
रजिस्ट्रार

गंगा–यमुना दोआब में बसे जनपद सहारनपुर में 2 दिसम्बर, 2021 को उच्च शिक्षा की एक पौध लगाकर सरकार ने जनपदवासियों के वर्षों पुराने स्वप्न को साकार किया। इससे हमारी युवा पीढ़ी को सहज ही उच्च शिक्षा दिलाना संभव होगा तथा विकास की नई संभावनाओं के द्वार खुलेंगे।

माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय का शिलान्यास केन्द्रीय मंत्री श्री अमित शाह व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी श्री आदित्यनाथ ने किया। सहारनपुर मंडल के तीन ज़िले सहारनपुर, मुज़फ्फरनगर व शामली के 264 कॉलेज विश्वविद्यालय से सम्बद्ध हो गये हैं। हर्ष व गर्व का विषय है कि हमारा महाविद्यालय भी इस विश्वविद्यालय से सम्बद्ध हो गया है। सत्र 2022 के स्नातक व स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष के प्रवेश माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय द्वारा सम्पन्न कराए जाएगें। प्रोफेसर एच. एस. सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति हैं तथा रजिस्ट्रार श्री वीरेन्द्र कुमार मौर्य है।

विश्वविद्यालय के प्रस्तावित पाठ्यक्रम के माध्यम से छात्रों को रोज़गार के अवसर उपलब्ध होंगे। स्नातक, स्नातकोत्तर व शोध पाठ्यक्रम के साथ ही कौशल विकास, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, रोबोटिक्स, मशीन लर्निंग, डेयरी तकनीक, हस्तकला, काष्ठकला, कढ़ाई, खाद्य प्रसंस्करण, कृषि आधारित उद्योग, योग, अध्यातम विज्ञान, अनेक भाषाओं व संस्कृति की शिक्षा, ई–लर्निंग पार्क, डिजिटल लाइब्रेरी के अलावा आधुनिक प्रयोगशालाएँ भी विश्वविद्यालय परिसर में सुलभ होंगी।

गर्व का विषय है कि हमारे महाविद्यालय की अनेक प्रवक्ताओं को विश्वविद्यालय स्तर पर विभिन्न महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वाह करने का अवसर प्राप्त हुआ है। प्रो. मेजर पंकज छाबड़ा, प्राचार्या को इनक्यूबेटशन सेन्टर का समन्वयक नियुक्त किया गया है। डॉ. अमिता अग्रवाल, विभागाध्यक्षा, अंग्रेज़ी विभाग को डीन ऑफ आर्ट्स फेकल्टी नियुक्त किया गया है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु कुलपति महोदय द्वारा विभिन्न प्रकोष्ठों की स्थापना की गई जिनके संयोजक व सह–संयोजक के रूप में कार्य करने का अवसर हमारे महाविद्यालय की अनेक प्रवक्ताओं को प्राप्त हुआ है। संस्थागत विकास योजना प्रकोष्ठ की सह–संयोजक डॉ. गुंजन त्रिपाठी, एसोसिएट प्रोफेसर, राजनीतिशास्त्र विभाग, एक्टिविटि क्लब की सह–संयोजक डॉ. रत्ना त्रिवेदी, एसोसिएट प्रोफेसर, समाजशास्त्र विभाग, भारतीय भाषा, संस्कृति एवं कला प्रकोष्ठ की संयोजक, डॉ. सीमा रानी, एसोसिएट प्रोफेसर, गृह विज्ञान विभाग तथा सह–संयोजक डॉ. रीटा बोरा, असिस्टेन्ट प्रोफेसर, शारीरिक शिक्षा विभाग तथा अन्तर्राष्ट्रीय छात्र सहायता प्रकोष्ठ की सह–संयोजक, डॉ. अनुपम बंसल, एसोसिएट प्रोफेसर, अंग्रेज़ी विभाग हैं।

आशा व विश्वास है कि मण्डल के प्राध्यपकों व छात्रों को उन्नति के पथ पर उन्मुख करने में माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर, मील का पत्थर साबित होगा।

नास्ति विद्यासमो बन्धुर्नास्ति विद्यासमः सुहत्।
नास्ति विद्यासमं वित्तं नास्ति विद्यासमं सुखम्।।

**डॉ. अनुपम बंसल, संपादक**
एसोसिएट प्रोफेसर, अंग्रेज़ी विभाग

# हमारा लक्ष्य

"When women are educated, their countries become stronger and more prosperous."

- Michelle Obama

यह हमारा सौभाग्य है कि हमारा महाविद्यालय महिला महाविद्यालय है, अतः हमें महिला शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने का सुअवसर प्राप्त हुआ है। यदि आज हमारे राष्ट्र के युवकों के साथ ही युवा महिलाएँ भी शिक्षित होंगी तो भविष्य में वे राष्ट्र के सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकेंगी तथा गरीबी, बेरोज़गारी व अशिक्षा आदि विकराल समस्याओं के उन्मूलन में एक सार्थक योगदान दे सकेंगी।

हमारा लक्ष्य उच्च शिक्षा के माध्यम से छात्राओं के व्यक्तित्व के विभिन्न आयामों को विकसित करना, उनकी प्रतिभा व क्षमता को पहचानकर उन्हें सही दिशा देना तथा उच्च गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान करना व शिक्षा प्राप्ति के लिए अनुकूल वातवरण तैयार करना व सार्थक बदलावों के लिए तैयार रहकर महिला शिक्षा के क्षेत्र में नई संभावनाओं के द्वार खोलना है।

**डॉ. अनुपम बंसल,** संपादक

## आज़ादी का अमृत महोत्सव

### 'आज़ादी का अमृत महोत्सव'






दिनांक 20 जौलाई, 2021 को महाविद्यालय में 'आज़ादी के अमृत महोत्सव' का आयोजन प्राचार्या डॉ. अमिता अग्रवाल द्वारा माँ सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। महापुरूषों की वेशभूषा प्रतियोगिता में कुल 06 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिसमें मदीहा परवीन ने सरदार भगत सिंह, साक्षी सिंघल ने 'झलकारी बाई', वैष्णवी ने सावित्रीबाई फूले, अनकता ने 'बेगम हज़रत महल' तथा अलीशा ने रानी लक्ष्मीबाई जैसे महानायकों के व्यक्तित्व को सभी के समक्ष जीवंत कर दिया।

स्वातन्त्र्य उद्घोष प्रतियोगिता में भी प्रतिभागी 06 छात्राओं में मदीहा परवीन, तान्या, साक्षी सिंघल, ज्योति कोरी आदि ने अपने स्वातन्त्र्य उद्घोष को मौखिक प्रस्तुति द्वारा प्रस्तुत कर वातावरण को ओजमय बना दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम संयोजिका डॉ. सीमा रानी ने मंच संचालन किया। इस अवसर पर सांस्कृतिक समिति के सदस्य डॉ. सुनीता तिवारी, डॉ. शबाना सिंह, कु. पूजा धीमान, कु. तनु शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## अमृत महोत्सव में सेनेटरी मशीन भेंट की



भाजपा महिला मोर्चा की ओर से अमृत महोत्सव सेनेटरी अभियान के तहत दिनांक 28 अगस्त, 2021 को महाविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सेनेटरी मशीन प्राचार्या डॉ. अमिता अग्रवाल को भेंट की गई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रदेश मंत्री नूतन शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार की ओर से महिलाओं के उत्थान के लिए कई कार्यक्रम किये गए। मिशन शक्ति कार्यक्रम के द्वारा कई हज़ार महिलाओं को स्वावलंबी बनाया गया और प्रेरित भी किया गया। क्षेत्रीय अध्यक्ष श्रीमती वर्षा चोपड़ा व महानगर अध्यक्ष की पत्नी श्रीमती राधिका जैन कार्यक्रम में उपस्थित थीं। कार्यक्रम का संचालन नगर मंत्री नीलू राणा ने किया।

# राष्ट्रीय एकता दिवस



राष्ट्रीय एकता दिवस 31 अक्टूबर, 2021 के उपलक्ष्य में महाविद्यालय में छात्राओं ने सरदार पटेल सहित अनेक महापुरूषों की भूमिका निभाते हुए कार्यक्रम प्रस्तुत किया। देशभक्तों द्वारा कहे गये शब्दों का वैसे ही अनुकरण करके उनके शौर्य और बलिदान का छात्राओं ने सजीव चित्रण सभी के समक्ष प्रस्तुत किया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. मेजर पंकज छाबड़ा ने कार्यक्रम की आयोजिका डॉ. सीमा रानी व सह-आयोजिका डॉ. कमलप्रीत को साधुवाद दिया। कार्यक्रम में मदीहा प्रवीन ने भगत सिंह, आफरीन ने रानी लक्ष्मीबाई, शिवानी गर्ग ने सरदार पटेल व पूजा ने सरोजिनी नायडू का किरदार निभाया। इस दौरान साक्षी कश्यप ने कार्यक्रम की भूमिका बांधने का कार्य सूत्रधार के रूप में किया। संगीत विभाग से कुमारी पूजा धीमान व कुमारी तनु शर्मा ने छात्राओं सहित देशभक्ति के गीतों से वातावरण में ऊर्जा का संचार किया।

# फिट इंडिया फ्रीडम रन




30 सितम्बर, 2021 आज़ादी का अमृत महोत्सव फिट इंडिया फ्रीडम रन 2.0 के अन्तर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना, शारीरिक शिक्षा विभाग तथा रेंजर के तत्वावधान में 2 किलोमीटर क्रॉस कंट्री का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय की 53 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। दौड़ का शुभारम्भ महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. मेजर पंकज छाबड़ा द्वारा किया गया। दौड़ में प्रथम स्थान पर आरजू काम्बोज (बी.ए. द्वितीय वर्ष.), पूजा (बी.ए. द्वितीय वर्ष), द्वितीय स्थान, जिकरा (बी.ए. द्वितीय वर्ष), तृतीय स्थान पर रहीं। मेहकारा, अंकिता तथा करिशमा क्रमश: चौथे, पांचवे, छठे स्थान पर रहीं।

इस अवसर पर शारीरिक शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. रीटा बोरा ने छात्राओं को ओलम्पिक में महिलाओं की भागीदारी तथा उपलब्धि के उदाहरण देते हुए खेलों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। रेंजर प्रभारी सुश्री ज्योति यादव ने छात्राओं को विभिन्न फिटनेस कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने तथा उनके माध्यम से समाज में जागरूकता कैसे लाई जाए समझाने का प्रयास किया। एन.एस.एस. प्रभारी डॉ. नीतू वर्मा ने छात्राओं को फिट रहने के टिप्स दिए तथा फिट रहकर समाज व देश की सेवा करने के लिए प्रेरणा दी। प्रभारी उपनिरीक्षण श्वेता शर्मा ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पूरी टीम ने विशेष सहयोग दिया।

# छात्राओं को स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास से करवाया रू-ब-रू





दिनांक 15 दिसम्बर, 2021 अमृत महोत्सव के अंतर्गत महाविद्यालय के बाजोरिया सभागार में महाविद्यालय की प्राक्तन छात्रा परिषद द्वारा आज़ादी का 75वाँ अमृत महोत्सव मनाया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो. पंकज छाबड़ा एवं संघ प्रचारक श्री वेदपाल आर्य ने आज़ादी के महोत्सव के अंतर्गत भारतीय संस्कृति की विशेषताएं एवं गौरवशाली इतिहास तथा स्वतंत्रता संग्राम में संघर्ष करने वाले क्रान्तिकारियों को स्मरण कर उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती अनुपम गुप्ता ने की तथा महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. मेजर पंकज छाबड़ा ने छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि वे देश की आज़ादी के आंदोलन में जान गंवाने वाले शहीदों से प्रेरणा लें। कार्यक्रम में श्रीमती मंजू शर्मा समस्त प्रवक्ता वर्ग एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

# वार्षिक उत्सव

दिनांक 8 मार्च, 2022 को महाविद्यालय के सभागार में वार्षिक समारोह का शुभारंभ माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एच.एस. सिंह ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि कुलपति जी का स्वागत प्राचार्या प्रो. पंकज छाबड़ा, स्वागत समिति सदस्य वि.वि. कला संकायाध्यक्ष डॉ. अमिता अग्रवाल, डॉ. निशा शुक्ला व श्रीमती सुनीता जैन ने किया।






सरस्वती वंदना के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम आरंभ हुए। छात्रा सृष्टि शर्मा ने दुर्गा स्तुति प्रस्तुत की। सामूहिक नृत्यों में बंगाली, हरियाणवी, गुजराती, पहाड़ी और पंजाबी नृत्य की प्रस्तुति से छात्राओं ने धूम मचा दी। आराधना, मुस्कान, कोमल, सफक, प्रतीक्षा ने बंगाली नृत्य, सबीहा, रज़िया, फोज़िया, सानिया, छवि, सोनाली व अनम ने हरियाणवी, श्रुति, महिमा, साक्षी ने पहाड़ी नृत्य, ईशा, तंज़ीम, मानवी, अनन्या, शुमाएला, मंतशा, ईलमा, अनिशा ने पंजाबी नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। बी.कॉम फाइनल की कनिका, वृंदा, तनु, दिव्या, नाज़िश, ईशिका, ज़िक्रा ने नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी।

मुख्य अतिथि कुलपति प्रोफेसर एस. सिंह ने बी.ए. में अधिकतम अंक पाने वाली छात्रा फातिमा नवाज़ और बी.कॉम में काजल गोयल, एम.ए. हिंदी में गुलफशा, संस्कृत में अंजली, अर्थशास्त्र में ज़ैनब, राजनीति विज्ञान में फातिमा, ड्राइंग पेंटिंग में मेघा, गृह विज्ञान में हिमानी और अंग्रेज़ी में सानिया को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इनके अलावा एन.सी.सी. में बेस्ट कैडेट आकांक्षा, एन.एस.एस. में लुबना, रेंजर में मधु, प्रीफेक्ट साक्षी, बेस्ट खिलाड़ी करिश्मा और सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए फातिमा नवाज़ को पुरस्कृत किया गया। प्राचार्या प्रो. पंकज छाबड़ा ने महाविद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।










# पोस्टर प्रतियोगिता

दिनांक 12 अप्रैल, 2022 को 'आज़ादी का अमृत महोत्सव' श्रृंखला में राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें एम.ए. द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर की छात्राओं ने विभिन्न स्वतन्त्रता सेनानियों एवं देश की स्वतंत्रता से संबंधित 25 पोस्टर बनाए।

## क्रान्ति दिवस



दिनांक 10 मई, 2022 को महाविद्यालय में 1857 के स्वतन्त्रता संग्राम में 'स्त्रियों के योगदान' पर कार्यक्रम करवाया गया। कार्यक्रम में प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में तत्कालीन स्त्रियों की राष्ट्रक्रांति में भूमिका, कारण व सहयोग को छात्रा शगुन, करिशमा, चारू, आफरीन, साबिया, कोमल देवी, पूजा धीमान, नाज़िया व नेहा खान द्वारा ऊदा देवी, अजीजन बाई, रानी द्रोपती, रानी लक्ष्मीबाई, बेगम हज़रत महल, झलकारी देवी, अवंती बाई, रानी ईश्वरी देवी व बेगम ज़ीनत महल के बारे में सभी को विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. जया द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्या प्रो. मेजर पंकज छाबड़ा, डॉ. सीमा रानी, डॉ. रीटा बोरा, डॉ. अनुपम बंसल, डॉ. रूपमाला आदि उपिस्थत रहीं।

## वीरांगना दिवस



दिनांक 18 जून, 2022 को वीरांगना दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में स्किल कम्युनिकेशन एंड पर्सनालिटी डेवलपमेंट कोर्स व आज़ादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम में 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में महारानी लक्ष्मीबाई की भूमिका व जीवन परिचय को छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में छात्राओ ने भारत के क्रांतिकारियों एवं राष्ट्र निर्माताओं के योगदान एवं उनकी भूमिका को प्रस्तुत किया, जिसमें महिमा, जैनब एवं रिया सैनी ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में प्राचार्या मेजर प्रो. पंकज छाबड़ा ने छात्राओं को देश के प्रति जागरूक कियाा एवं स्किल कम्युनिकेशन व पर्सनालिटी डेवलपमेंट कोर्स से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदु बताए। कार्यक्रम में महाविद्यालय की स्किल डेवलपमेंट कोऑर्डिनेटर डॉ. विनीता दुबे ने छात्राओं को बताया कि रानी लक्ष्मीबाई महिला सशक्तिकरण की मिसाल है, वह एक ऐसी नारी थी, जो पूरी अंग्रेज़ की सेना पर भारी थी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रूपमाला ने किया।

# शैक्षणिक गतिविधियाँ

## ईको-फेस्ट




अर्थशास्त्र विभाग द्वारा 15 मार्च से 21 मार्च, 2022 तक Economic Fest का आयोजन किया गया। जिसमें पोस्टर प्रतियोगिता, Best from Waste प्रतियोगिता तथा क्विज़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में बी.ए. तथा एम.ए. अर्थशास्त्र की छात्राओं द्वारा उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया गया। दिनांक 15 मार्च 2022 को 'भारतीय अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भूमिका' विषय पर छात्राओं ने पोस्टर बनाएं। संसाधनों के अनुकूलतम उपयोग को प्रोत्साहित करने हेतु Best from Waste प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 16 मार्च, 2022 को किया गया, जिसमें प्रतियोगियों ने अवशिष्ट पदार्थों को उपयोगी एवं सुन्दर वस्तुओं के रूप में बनाकर प्रतियोगिता को सार्थक बनाया।





## ‘सुभाषितानि’

दिनांक 9 दिसम्बर, 2021 को संस्कृत विभाग द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं से ‘सुभाषितानि’ से संबंधित श्लोक पूछे गये व संस्कृत विषय से संबंधित पुस्तकों पर विचार विमर्श किया गया। कार्यक्रम को प्रस्तुत करने से पूर्व सरस्वती वन्दना चारू सैनी, आफरीन, अदीबा बी.ए. तृतीय सेमेस्टर की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत की गई। इस कार्यक्रम में संस्कृत विभाग की तनु सैनी, ज़ैबुन्निशा, शिवानी, मनीषा, रजनी, अंजली, सोनम, नरगिस, आँचल, मोनिका, मन्तशा, चारू सैनी, आफरीन बानो, गुलशन, सलोनी सैनी, भावना, कशिश, अनिशा, अलमास, अंजलि गांधीमान ने प्रतिभाग किया।






## ‘स्वच्छ भारत मिशन’ पोस्टर प्रतियोगिता

दिनांक 24 दिसम्बर, 2021 को चित्रकला विभाग द्वारा ‘स्वच्छ भारत मिशन’ पोस्टर प्रतियोगिता एवं ‘नव वर्ष’ ‘ग्रीटिंग कार्ड’ प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें कुल 50 छात्राओं ने प्रतिभागिता की जिसमें प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार घोषित किये गये। निर्णायक मण्डल में प्राचार्या डॉ. पंकज छाबड़ा व डॉ. निशा शुक्ला रहीं। प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार रहा।

**पोस्टर प्रतियोगिता –**

| | | |
|---|---|---|
| ज्योति वर्मा | एम.ए. प्रथम वर्ष | प्रथम स्थान |
| अदिबा | बी.ए. द्वितीय वर्ष | द्वितीय स्थान |
| नन्दनी गोयल | बी.ए. तृतीय वर्ष | तृतीय स्थान |

**ग्रीटिंग कार्ड प्रतियोगिता –**

| | | |
|---|---|---|
| शगुफ्ता | एम.ए. प्रथम वर्ष | प्रथम स्थान |
| ज्योति वर्मा | एम.ए. प्रथम वर्ष | द्वितीय स्थान |
| दीपिका शर्मा | बी.ए. तृतीय वर्ष | तृतीय स्थान |












## शिक्षाशास्त्र विभाग





दिनांक 10 फरवरी, 2022 को शिक्षाशास्त्र विभाग में शिक्षात्मक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता NEP 2020 आयोजित की गई। प्रतियोगिता में बी.ए. प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष की छात्राओं ने प्रतिभागिता की। प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार रहा।

| | | |
|---|---|---|
| चारू सैनी | बी.ए. तृतीय वर्ष | प्रथम स्थान |
| अलीशबा | बी.ए. प्रथम वर्ष | द्वितीय स्थान |
| मनीषा सैनी | बी.ए. प्रथम वर्ष | तृतीय स्थान प्राप्त किया। |

## क्विज़ प्रतियोगिता





दिनांक 11 मार्च, 2022 को महाविद्यालय के बाजोरिया सभागार में अंग्रेज़ी विभाग द्वारा एक क्विज़ कॉम्पिटीशन का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय की अंग्रेज़ी विषय की छात्राओं ने भाग लिया। छात्राओं की चार टीम क्रमशः 'सरोजनी नायडू (टीम), कमला मार्कण्डेय (टीम), अनीता देसाई (टीम), अरूँधतीराय (टीम) ने सहभागिता की। जिसमें कमला मार्कण्डेय टीम (शगुन, नमरा, साक्षी, आशी, अनन्या, मानवी) विजेता रहीं। कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती वंदना की प्रस्तुति से हुआ। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनुपम बंसल, डॉ. शबाना सिंह व सुश्री स्वाति शर्मा द्वारा किया गया।

निर्णायिका डॉ. अमिता अग्रवाल व श्रीमती सुनीता जैन रहीं। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. पंकज छाबड़ा, प्राचार्या ने विजेता टीम को पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया। अंग्रेज़ी विभाग द्वारा अंग्रेज़ी विषय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं सानिया शमीम (एम.ए. अंग्रेज़ी) व फातिमा नवाज़ (बी.ए. तृतीय वर्ष) को भी पुरस्कृत किया गया। सभी शिक्षिकाएं कार्यक्रम में उपस्थित रहीं।

## प्रवक्ता को विशेष सम्मान



दिनांक 11 मार्च, 2022 को महाविद्यालय की अंग्रेज़ी विभाग की प्रवक्ता श्रीमती सुनीता जैन को महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. मेजर पंकज छाबड़ा तथा विभागाध्यक्षा डॉ. अमिता अग्रवाल द्वारा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। श्रीमती सुनीता जैन लम्बे सेवा-काल के पश्चात् जून माह में सेवा निवृत्त हो रही हैं। इस अवसर पर डॉ. अनुपम बंसल ने स्वरचित कविता के माध्यम से श्रीमती सुनीता जैन के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला तथा डॉ. शबाना सिंह ने भावपूर्ण शब्दों के माध्यम से श्रीमती सुनीता जैन के विषय में अपनी विचारों की अभिव्यक्ति की। इस अवसर पर अंग्रेज़ी विभाग की छात्राएँ तथा अन्य विभागों की प्रवक्ताएँ भी उपस्थित रहीं।

## गेस्ट लेक्चर





दिनांक 21 मार्च, 2022 को अंग्रेज़ी विभाग में अंग्रेज़ी साहित्य परिषद की ओर से गेस्ट लेक्चर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व सरस्वती वन्दना से हुआ। मुख्य वक्ता जे.वी. जैन कॉलेज की एसो. प्रो. डॉ. ममता सिंघल (विभागाध्यक्षा, अंग्रेज़ी विभाग) रहीं। उन्होंने रोमेन्टिक साहित्य पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने छात्राओं को बताया कि भावनाओं व कल्पनाशक्ति का प्रयोग जीवन को सफल व खुशनुमा बना सकता है। अंग्रेज़ी विभाग के सभी सदस्य श्रीमती सुनीता जैन, डॉ. अनुपम बसंल, डॉ. शबाना सिंह व कु. स्वाति कार्यक्रम में उपस्थित थे। संचालन डॉ. अनुपम बंसल ने किया। एम.ए. अंग्रेज़ी की छात्राओं ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर ज्ञानवर्धन किया।

## महिला आउटरीच कार्यक्रम

दिनांक 15 सितम्बर, 2021 को महिला आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय सभागार में किया गया। जिसमें डॉ. पंकज छाबड़ा ने छात्राओं को विज्ञान, गणित व वाणिज्य विषय लेने के लिए प्रेरित किया, डॉ. निशा शुक्ला ने छात्राओं को अपने परिवार जन व पड़ोसियों को बालिका, छात्राओं को विज्ञान व गणित लेने के लिए प्रेरित किया व उनको अपने आस-पड़ोस की छात्राओं को गणित पढ़ाने के लिए प्रेरित किया। डॉ. रत्ना त्रिवेदी ने समाज को लिंग के आधार पर समाजिक विषयों को निर्धारित करने की प्रवृत्ति को त्यागने के लिए कहा व लड़के-लड़की की समानता की बात कही। डॉ. पंकज छाबड़ा ने विज्ञान व गणित को समाज में सर्वव्यापी बताया व हर जगह पर गणित व विज्ञान विषयों में कैसे समाया है इस विषय पर जानकारी दी।





## मतदाता जागरूकता

दिनांक 18 नवम्बर, 2021 को महाविद्यालय में 'मतदाता जागरूकता' अभियान पर कार्यक्रम का अयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि संगीता राघव (ADM), ज़िला विद्यालय निरीक्षक श्री रविधर व राजकीय इण्टर कॉलेज, देवला की प्रवक्ता श्रीमती प्रीति रहीं। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती अनुपम गुप्ता (चीफ प्रोक्टर) द्वारा किया गया। इस अवसर पर अदरणीया संगीता राघव जी ने मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत मतदाता स्वीप कार्यक्रम की जानकारी छात्राओं को दी। संगीता राघव जी द्वारा वोट डालने की महत्ता के विषय में छात्राओं को विभिन्न उदाहरण द्वारा अनुशासनप्रियता, जागरूकता एवं शिक्षा के प्रति समर्पण पर बल दिया। शिक्षकों का आदर करने एवं वोटर ID कार्ड हेतु फार्म 16 का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया।





## संविधान दिवस

राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा दिनांक 26 नवम्बर, 2021 को संविधान दिवस के अवसर पर सभागार में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें राजनीति विज्ञान की छात्राओं के साथ-साथ अन्य विषयों की छात्राएँ उपस्थित रहीं। सर्वप्रथम छात्राओं को संविधान की शपथ दिलाई गई। उसके बाद विभागाध्यक्षा डॉ. गुंजन त्रिपाठी ने भारतीय संविधान बनने के विभिन्न चरणों की जानकारी दी। श्रीमती अलका सैनी ने मौलिक अधिकारों से संबंधित विभिन्न अनुच्छेदों की जानकारी दी। पूजा देशवाल ने नीति निर्देशक तत्वों से संबंधित अनुच्छेदों की जानकारी दी।






## अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस

दिनांक 10 दिसम्बर, 2021 को राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस मनाया गया। महाविद्यालय की छात्राओं को मानव अधिकार हेतु जागरूक किया गया।

## कॉमर्स विभाग- ऑनलाइन अतिथि व्याख्यान

दिनांक 21 जनवरी, 2022 को बी.कॉम की छात्राओं का Mutual Fund से संबंधित जानकारी के अन्तर्गत ऑनलाइन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सभी छात्राओं को Mutual Fund निवेश से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। यह जानकारी ICICI Prod. Manager Shri Saurabh Walia द्वारा दी गई। इसमें कुल 62 छात्राओं ने हिस्सा लिया। यह आयोजन कॉमर्स विभागाध्यक्षा डॉ. कमलप्रीत द्वारा किया गया।





## मतदान जागरूकता- रैली

दिनांक 8 फरवरी, 2022 को राजनीति विज्ञान विभाग की ओर से मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में शामिल छात्राएँ हाथों में सलोग्न लिखी तख्तियाँ लेकर चल रही थीं, जिन पर मतदान अवश्य करने संबंधी नारे लिखे थे। रैली जैनबाग, रायवाला होते हुए वापिस कॉलेज पहुँची। प्राचार्या प्रो. मेजर पंकज छाबड़ा ने रैली को रवाना किया। विभागाध्यक्ष डॉ. गुंजन त्रिपाठी, श्रीमती अलका, श्रीमती पूजा, डॉ. अनुपम बंसल, डॉ. रत्ना त्रिवेदी, डॉ. रीटा बोरा रैली में सम्मिलित हुए।




## सलाद प्रतियोगिता

दिनांक 23 फरवरी, 2022 को महाविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग द्वारा सलाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में ज़ैनब अंजुम, आयशा खान के समूह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर प्राचार्या प्रो. पंकज छाबड़ा, विभागाध्यक्षा डॉ. निशा शुक्ला, दिव्या जयसवाल, डॉ. सीमा रानी व सपना चौधरी इत्यादि उपस्थित रहे।











## गायन प्रशिक्षण



संगीत विभाग में छात्राओं को दिनांक 18 मार्च से 21 मार्च, 2022 तक तीन दिवसीय 'वाद्य यंत्रों पर गायन प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें महाविद्यालय के बाहर से कुछ वाद्य यंत्र वादकों को बुलाया गया, जिससे छात्राओं ने सुगम संगीत को व लोक संगीत को अनके वाद्य यंत्रों के साथ गाया व बारीकियों को सीखा, इस प्रशिक्षण का समापन 21 मार्च, 2022 को संगीत विभाग में कराया गया। इस प्रशिक्षण में 25 छात्राओं ने भाग लिया, यह प्रशिक्षण छात्राओं के लिए बहुत उपयोगी रहा।




## गायन प्रतियोगिता- 'मेरी आवाज़ ही पहचान है'

दिनांक 22 अप्रैल, 2022 को संगीत विभाग द्वारा एक गायन प्रतियोगिता आयोजित कराई गई, जो कि भारत रत्न स्व. लता मंगेशकर जी को समर्पित की गई, जिसका शीर्षक 'मेरी आवाज़ ही पहचान है' रहा। प्रतियोगिता का शुभारम्भ पूर्व प्राचार्या डॉ. नीलांजना किशोर जी द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस प्रतियोगिता में लगभग 25 छात्राओं ने गीत प्रस्तुत किये। निर्णायक मंडल में डॉ. जया, डॉ. अनुपम बंसल, श्रीमती अनुपम गुप्ता रहीं। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. पंकज छाबड़ा द्वारा छात्राओं का उत्साहवर्धन किया गया व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई, इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की समस्त शिक्षिकायें उपस्थित रहीं। प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार रहा।

| **लोक संगीत** | **सुगम संगीत** |
|---|---|
| सृष्टि, प्रथम | सृष्टि, प्रथम |
| रूक्मणि मिश्रा, द्वितीय | शिवानी नौटियाल, द्वितीय |
| शिवानी नौटियाल, तृतीय | जरका, मदीहा जावेद, तृतीय |



## स्मार्ट फोन व टेबलेट वितरण

प्रशासन के निर्देशानुसार और उ.प्र. शासन द्वारा निर्गत स्मार्ट फोन यू.जी. फाइनल 9 मार्च एवं 10 मार्च, 2022 को पी.जी फाइनल इयर छात्राओं को टेबलेट 7 अप्रैल, 2022 को प्राचार्या के नेतृत्व में और नोडल अधिकारी डॉ. गुंजन त्रिपाठी के निर्देशन में उनकी टीम द्वारा वितरित किए गए।






## कम्प्यूटर पोस्टर प्रतियोगिता

महाविद्यालय में दिनांक 26 अप्रैल, 2022 को कम्प्यूटर लैब में कम्प्यूटर पोस्टर प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। इसमें सभी छात्राओं को कम्प्यूटर के अलग-अलग पार्ट्स पर विषय दिये गये। इस प्रतियोगिता में कामिनी, प्रथम रही (बी.ए. तृतीय वर्ष) निशा, द्वितीय रही (बी.ए. तृतीय वर्ष) साक्षी, तृतीय रही (बी.ए. तृतीय वर्ष) मधु रानी, गौतमी रानी, अंशु, आफरीन, सबिहा, सुमय्या प्रवीन आदि ने भी प्रतियोगिता में भाग लिया। कम्प्यूटर ट्रेनर कु. रजनी ने प्रतियोगिता का आयोजन किया।







## प्राक्तन छात्रा परिषद

दिनांक 13 नवम्बर, 2021 को महाविद्यालय की प्राक्तन छात्रा परिषद का पुनर्गठन किया गया। नवगठित परिषद के सदस्य इस प्रकार हैं।

| | |
|---|---|
| डॉ. मेजर पंकज छाबड़ा | संरक्षिका |
| श्रीमती किरण शर्मा | अध्यक्ष |
| श्रीमती अर्चना रानी | उपाध्यक्ष |
| श्रीमती अनुपम गुप्ता | सचिव |
| श्रीमती पूजा धीमान | सह-सचिव |
| डॉ. पूजा गर्ग | कोषाध्यक्ष |

कार्यकारिणी सदस्य: श्रीमती शशी जैन, श्रीमती रीना मित्तल, कु. गुलअफ्शा, कु. सारिका, कु. तनु शर्मा

## क्विज़ प्रतियोगिता

दिनांक 17 नवम्बर, 2021 को महाविद्यालय में महिला आउटरीच कार्यक्रम के अंतर्गत लैंगिक विषमता पर क्विज़ प्रतियोगिता का आयोजन डॉ. रत्ना त्रिवेदी (प्रभारी महिला आउटरीच) ने किया। क्विज़ में एम. ए. सेमेस्टर तृतीय समाजशास्त्र की 36 छात्राएँ उपस्थित रहीं। छात्राओं ने टीम । A, B, C, बनाकर प्रतिभागिता की, छात्राओं ने क्विज़ में विभिन्न लैंगिक विषमता प्रश्नों के उत्तर बढ़ चढ़कर कर दिये। प्रतियोगिता में टीम C प्रथम, टीम A द्वितीय व टीम B तृतीय स्थान पर रही। कार्यक्रम में प्राचार्या व समस्त प्रवक्ताएँ उपस्थित रहीं।







## परिवहन समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम

परिवहन आयुक्त उ. प्र. के निर्देशानुसार परिवहन समिति मुन्नालाल एण्ड जयनारायण खेमका गर्ल्स कॉलेज, सहारनपुर द्वारा निबंध प्रतियोगिता दिनांक 22 नवम्बर, 2021, क्विज प्रतियोगिता 23 नवम्बर, 2021 तथा चित्रकला (पोस्टर) प्रतियोगिता 25 नवम्बर, 2021 को आयोजित की गई जिसमें निम्न छात्राएँ विजयी रहीं।

**निबन्ध प्रतियोगिता**

| क्र.सं. | छात्रा का नाम | कक्षा | प्राप्त स्थान |
|---|---|---|---|
| 1. | शिवानी गर्ग | बी.ए. द्वितीय | प्रथम |
| 2. | सारिका काम्बोज | बी.ए. द्वितीय | द्वितीय |
| 3. | शफक जहाँ | बी.ए. द्वितीय | तृतीय |

**पोस्टर प्रतियोगिता**

| क्र.सं. | छात्रा का नाम | कक्षा | प्राप्त स्थान |
|---|---|---|---|
| 1. | लुबना रज़ा | बी.ए. तृतीय | प्रथम |
| 2. | सलोनी सैनी | बी.ए. द्वितीय | द्वितीय |
| 3. | सृष्टि सैनी | बी.ए. द्वितीय | तृतीय |

**क्विज़ प्रतियोगिता**

| क्र.सं. | छात्रा का नाम | कक्षा | प्राप्त स्थान |
|---|---|---|---|
| 1. | सोबिया | बी.ए. तृतीय | प्रथम |
| 2. | अमरा प्रवीन | एम.ए. तृतीय | प्रथम |
| 3. | प्रतिक्षा | एम.ए. तृतीय | प्रथम |
| 4. | शाइस्ता | बी.ए. तृतीय | प्रथम |
| 5. | ज़ीनत | बी.ए. द्वितीय | द्वितीय |
| 6. | अंजलि | बी.कॉम प्रथम | द्वितीय |
| 7. | शिवानी गर्ग | बी.ए. द्वितीय | तृतीय |
| 8. | चारू सैनी | बी.ए. तृतीय | तृतीय |
| 9. | शिवानी नौटियाल | बी.ए. द्वितीय | तृतीय |
| 10. | कोमल देवी | एम.ए. प्रथम | तृतीय |







## सांस्कृतिक कार्यशाला



महाविद्यालय के बाजोरिया सभागार में दिनांक 29 नवम्बर, 2021 से 01 दिसम्बर, 2021 तक आयोजित सांस्कृतिक कार्यशाला में लोक गीत एवं नृत्य प्रशिक्षण में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की। कार्यक्रम आयोजिका डॉ. सीमा रानी, समन्वयक, सांस्कृतिक समिति सहित अन्य समिति सदस्यों, डॉ. शबाना सिंह, डॉ. विनीता दुबे, श्रीमती पूजा धीमान एवं तनु शर्मा, डॉ. कमलप्रीत ने भागीदारी की तथा वर्कशॉप का आयोजन कराया। प्रथम दिवस 25 छात्राओं ने, द्वितीय दिवस दिनांक 30 नवम्बर, 2021 को 40 तथा तृतीय दिवस 36 छात्राओं को क्षेत्र विशेष के लोक नृत्यों, पंजाबी नृत्य, हरियाणवी, पहाड़ी, गुजराती, बंगाली व मुक्त (बॉलीवुड शैली) शैली के अनुसार समूहबद्ध किया गया। दिनांक 30 नवम्बर व 1 दिसम्बर में कु. वैष्णवी व श्री आर्यन धीमान द्वारा छात्राओं को प्रशिक्षित भी किया गया। अंत में प्राचार्या डॉ. पंकज छाबड़ा ने भी छात्राओं को साधुवाद देने के साथ आगामी सांस्कृतिक गतिविधियों की कार्य योजना सभी के मध्य बतायी।

## आलेख प्रतियोगिता



सत्र 2021-2022 में गाँधी व शास्त्री जयंती के उपलक्ष्य में आलेख प्रतियोगिता का अयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता हेतु छात्राओं को दो विषय विकल्प में दिये गये। 1. गाँधी जी का अहिंसा दर्शन, 2. श्री लाल बहादुर शास्त्री जी की विचारधारा

उक्त प्रतियोगिता में सभी कक्षाओं की छात्राओं ने प्रतिभागिता की। प्रतिभागी छात्राओं की संख्या 47 थी। इस प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल में दो सदस्य थे- डॉ. अनुपम बंसल व डॉ. जया। उक्त प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर साक्षी कश्यप, द्वितीय स्थान पर सृष्टि सैनी व तृतीय स्थान पर मनीषा रहीं। इसके अतिरिक्त अन्य छात्राओं व शिक्षिकाओं ने गाँधी जी व शास्त्री जी के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में 'वैष्णव जन तो तेने कहिए' व 'रामधुन' की संगीतमय प्रस्तुतियाँ दी गयीं। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. पंकज छाबड़ा ने प्रतिभागी छात्राओं की प्रशंसा करके उनका उत्साहवर्धन किया।

## उत्तर प्रदेश दिवस

महाविद्यालय में 24 जनवरी, 2022 को कॉमर्स विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश दिवस मनाया गया। जिसमें भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य बिंदु थे उत्तर प्रदेश के स्मारक, संगीत, खान-पान व मंदिर। प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार रहा।

**चित्रकला प्रतियोगिता:**

| | | |
|---|---|---|
| ज्योति वर्मा | एम.ए. प्रथम | प्रथम स्थान |
| साज़िया | बी.ए. द्वितीय | द्वितीय स्थान |
| आस्था | एम.ए. प्रथम | तृतीय स्थान |
| पारूल | बी.ए. प्रथम | तृतीय स्थान |

**भाषण प्रतियोगिता-**

| | | |
|---|---|---|
| शिवानी गर्ग | बी.ए. द्वितीय | प्रथम स्थान |
| इंदु सिंघल | बी.कॉम. प्रथम | द्वितीय स्थान |
| कोमल देवी | एम.ए. प्रथम | तृतीय स्थान |
| शिवानी नौटियाल | बी.ए. द्वितीय | तृतीय स्थान |









# अन्तर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस

दिनांक 21 फरवरी, 2022 को अन्तर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर हिन्दी विभाग द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें छात्रा कोमल द्वारा इस दिवस को मनाए जाने के कारण पर प्रकाश डालते हुए इस दिन की महत्ता को भी समझाया। इस अवसर पर एक काव्य गोष्ठी का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने प्रसिद्ध हिन्दी कवियों की कविताओं का सस्वर पाठ किया। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. जया रहीं। डॉ. नीतू ने हिन्दी बोली की महत्ता के बारे में बताया तथा डॉ. रूपमाला ने समय के मूल्य का बोध कराने वाली स्वरचित कविता सुनाई। इस गोष्ठी में सहभागिता करने वाली छात्राओं के नाम हैं– आफरीन बानो, सुमय्या, चारू सैनी, पूजा धीमान। कार्यक्रम में फरहीन बानों ने बाँसुरी पर 'गायत्री मंत्र' व 'राष्ट्रगान' की भी प्रस्तुतियाँ दी। इस अवसर पर छात्राएँ व शिक्षिकाएँ उपस्थित रहीं।








# कॅरियर काउंसलिंग पर व्याख्यान

दिनांक 01 अप्रैल, 2022 को गृह विज्ञान विभाग द्वारा व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान के वक्ता प्रो. अनिल कुमार, प्राचार्य, एम.एस. कॉलेज, सहारनपुर ने महाविद्यालय की समस्त छात्राओं को कैरियर संबंधी महत्वपूर्ण टिप्स दिये। अपने विचारों के माध्यम से छात्राओं में सिविल सेवाओं की तैयारी, उसके लिए कार्य योजना बनाना तथा लक्ष्य निर्धारण के प्रति भी उन्होंने प्रेरणा व उत्प्रेरण संचारित करने का प्रयास किया। उन्होंने छात्राओं को बताया कि किसी भी स्तर पर अपने हौंसले को नहीं खोना है। छात्राओं ने उनसे अनेक प्रश्न भी पूछे। संचालन डॉ. सीमा रानी, एसो. प्रोफेसर, गृह विज्ञान विभाग ने किया। अन्त में प्राचार्या प्रो. पंकज छाबड़ा ने सभी का धन्यवाद किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की शिक्षिकाएँ तथा छात्राएँ उपस्थित रहीं।









# छात्राओं को स्किल डेवलपमेंट कोर्स के सर्टिफिकेट वितरित

24 मई, 2022 को मुन्नालाल गर्ल्स कॉलेज में स्किल डेवलपमेंट कोर्स के सर्टिफिकेट वितरित किए गए। बी.ए. प्रथम सेमेस्टर की सभी छात्राओं को हैंडीक्राफ्ट एवं फूड प्रोसेसिंग कोर्स के सर्टिफिकेट वितरित किए गए। महाविद्यालय की स्किल डेवलपमेंट कोर्स कोऑर्डिनेटर डॉ. विनीता दुबे ने बताया कि द्वितीय सेमेस्टर में महाविद्यालय में स्किल डेवलपमेंट के अंतर्गत 4 कोर्स, ब्यूटी, वैलनेस, हैंडीक्राफ्ट व इंग्लिश कम्युनिकेशन आदि संचालित किए जा रहे हैं। प्राचार्या प्रो. पंकज छाबड़ा ने छात्राओं को सर्टिफिकेट की उपयोगिता के बारे में बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## शिक्षणेत्तर गतिविधियाँ

# सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान

दिनांक 1 जून, 2022 को सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के अन्तर्गत सड़क सुरक्षा के नियमों, दुर्घटना के कारण व बचाव पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें नाज़िया, एम.ए., द्वितीय वर्ष, कोमल, एम.ए. द्वितीय वर्ष, चारू, बी.ए. तृतीय वर्ष, पारूल बी.ए. प्रथम वर्ष, द्वितीय सेमेस्टर ने प्रतिभाग किया। इसके उपरांत सड़क सुरक्षा से संबंधित पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें सिमरन, बी.ए. प्रथम वर्ष, प्रथम, काजल, एम.ए., द्वितीय सेमेस्टर, द्वितीय, रोज़, एम.ए., द्वितीय सेमेस्टर, तृतीय स्थान पर रहीं। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. नीतू वर्मा व रेंजर प्रभारी श्रीमती ज्योति रहीं, प्रतियोगिता की निर्णायक सुश्री अंतिम चौधरी रहीं।









## एन.सी.सी.

# एन.सी.सी. 2021–22

नेशनल कैडेट कॉर्प के अन्तर्गत महाविद्यालय के एन.सी.सी. कैडिटों ने ऑल इंडिया थल सैनिक एवं गणतन्त्र दिवस दिल्ली परेड में चयन हेतु यूनिट एवं ग्रुप लेवल की तैयारी की। कैडेट सलोनी चौहान का चयन IGC- Noida में सम्मलित होने के लिए हुआ। वह माह अक्टूबर में भाग लेने के लिए Noida गयी। छः छात्राओं का चयन यूनिट में गार्ड ऑफ ऑनर की तैयारी के लिए हुआ जिनके नाम ईशा धीमान, सीमा रावत, साक्षी रानी, सलोनी चौहान, तनु जैन हैं। कैडेट सीमा रावत ने सीनियर अन्डर ऑफिसर रैंक के लिए दक्षता प्राप्त की। ईशा धीमान एवं सलोनी चौहान को अन्डर ऑफिसर रैंक प्राप्त हुआ।





## मिशन शक्ति

# महिला सुरक्षा जागरूकता अभियान

मिशन शक्ति फेज–3 के अन्तर्गत दिनांक 10 अगस्त 2021 को 'महिला पुलिस टीम' के सहयोग से 'महिला सुरक्षा जागरूकता पर महाविद्यालय सभागार में कार्यक्रम को आयोजन हुआ। इसमें मुख्य वक्ता थाना मंडी चौकी प्रभारी श्रीमती श्वेता रहीं। कार्यक्रम में महिला हैल्पलाईन नंबर साइबर क्राइम, यौन अपराधों पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई।





## महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु कार्यक्रम

दिनांक 24 अगस्त, 2021 को रा.से.यो. की छात्राओं के सहयोग से 'पोस्टर द्वारा जागरूकता अभियान' का आयोजन किया गया। इसमें सरकार द्वारा जनहित में जारी विभिन्न हैल्पलाईन नंबर व संचालित योजनाओंकी जानकारी दी गयी। छात्राओं में शिवानी गर्ग (बी.ए. प्रथम वर्ष), अनीता (बी.ए. प्रथम वर्ष), नैना वालिया (बी.ए. तृतीय वर्ष) सदफ नाज़ (एम.ए. द्वितीय सेमेस्टर), आयशा नाज़ (एम.ए. द्वितीय सेमेस्टर) ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नीतू वर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. रत्ना त्रिवेदी व डॉ. विनीता दुबे (समाजशास्त्र विभाग) उपस्थित रहीं।



## बालिका स्वास्थ्य पर कार्यक्रम

उ.प्र. शासन के मिशन शक्ति फेज-3 के अन्तर्गत बालिका हैल्थ क्लब एवं स्वास्थ्य परीक्षण के अन्तर्गत दिनांक 27 अगस्त, 2021 को बालिका हैल्थ क्लब का गठन किया गया, जिसमें 13 सदस्य छात्राएं शामिल हुई।

## 'बदलते परिवेश में परिवार की भूमिका एवं दायित्व'

दिनांक 14 मई, 2022 को प्राक्तन छात्रा परिषद द्वारा (आज़ादी का अमृत महोत्सव एवं मिशन शक्ति के अनुपालन में अन्तर्राष्ट्रीय परिवार दिवस पर 'बदलते परिवेश में परिवार की भूमिका एवं दायित्व' विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। प्राक्तन छात्रा परिषद की अध्यक्ष श्रीमती किरन शर्मा, उपाध्यक्ष श्रीमती अर्चना रानी, डॉ. अनुपम बंसल, डॉ. पूजा गर्ग आदि ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती अनुपम गुप्ता ने किया। प्राचार्या प्रो. मेजर पंकज छाबड़ा ने परिवार की भूमिका पर प्रकाश डाला।












# खेलकूद

महाविद्यालय की छात्राओं ने शैक्षिक गतिविधियों के अतिरिक्त खेलों में भी अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन दिखाते हुए वर्ष 2021-22 में जूडो, बास्केटबॉल, एथलेटिक्स तथा क्रॉस कंट्री में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय की अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया। बी. कॉम प्रथम वर्ष की छात्रा कु. सृष्टि शर्मा ने 48 किलो भार वर्ग में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय जूडो प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त किया, वहीं 52 किलो वर्ग भार में बरखा गंगोलिया ने कांस्य पदक प्राप्त किया। कु. मानसी धीमान ने 57 किलो भार वर्ग में रजत पदक प्राप्त कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया। वहीं 70 किलो भार वर्ग में कु. निपुर पाल ने महाविद्यालय के खाते में एक और रजत पदक डाला। इस वर्ष महाविद्यालय की छात्राओं ने प्रथम बार अंतर महाविद्यालय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में सहभागिता की। बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्रा कु. मानसी धीमान ने अंतर विश्वविद्यालय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में 2021-22 में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित अंतर महाविद्यालय क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता में सातवाँ स्थान तथा कु. साक्षी सैनी ने दसवाँ स्थान प्राप्त किया।

उत्तर प्रदेश सीनियर स्टेट जूडो चैंपियनशिप 2021-22 में कु. मानसी धीमान ने 57 किलो भार वर्ग तथा कु. सुजाता कश्यप ने 48 किलो भार वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया। वहीं सृष्टि ने इस वर्ष उत्तर प्रदेश स्टेट एनुअल रेस वाकिंग एथलेटिक्स चैंपियनशिप-2022 में चौथा स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिताओं में इस वर्ष शतरंज, टेबल टेनिस, कबड्डी तथा गोला फेंक, चक्का फेंक, हैमर थ्रो, जैवलिन थ्रो, लंबी कूद तथा ऊँची कूद की प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसने महाविद्यालय की छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। अंकों के आधार पर बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा कु. निपुर पाल को वर्ष 2021-22 की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया।




















खेलकूद

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

दिनांक 21 जून, 2022 को महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा एक योग शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। शिविर का आयोजन सहारनपुर स्थित योग एवं व्यक्तित्व विकास साधना शोध संस्थान 'संयम' के सहयोग से कराया गया। बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा कु. श्रुति दीक्षित ने चंद पंक्तियों के साथ सभी का स्वागत किया। 'संयम' संस्थान की योगाचार्य श्रीमती संगीता यादव तथा श्री योगेंद्र यादव ने छात्राओं को विभिन्न योग मुद्राएं तथा योगासन करवाते हुए विस्तारपूर्वक उनके लाभ भी बताएं। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. मेजर पंकज छाबड़ा ने छात्राओं के साथ योगाभ्यास कर छात्राओं को उत्साहवर्धन किया। अपने संबोधन में उन्होंने छात्राओं को प्रतिदिन योग कर निरोग रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन शारीरिक शिक्षा विभाग की असिस्टेंट प्रो. कु. दीक्षा सिंह तथा श्रीमती निधि सैनी ने किया। कार्यक्रम के अंत में बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा कु. अंजलि गंगोलिया ने चंद पंक्तियों के साथ सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।








रेंजर

# निपुण शिविर

महाविद्यालय में दिनांक 25 अक्टूबर, 2021 से 29 अक्टूबर, 2021 तक रेंजर यूनिट के निपुण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन रेंजर प्रभारी सुश्री ज्योति यादव एवं प्रशिक्षण कार्य श्रीमती दीपमाला चौधरी द्वारा किया गया। इस पाँच दिवसीय शिविर में विभिन्न गतिविधियाँ रेंजर्स द्वारा की गयी। शिविर में प्रत्येक दिन के कार्यक्रम निश्चित किये गए। शिविर का उद्घाटन करते हुए डॉ. अनुपम बंसल ने रेंजर्स को स्काउटिंग के महत्व के विषय में बताया। प्रथम दिन खुशहाल परिवार एवं महिलाओं के अधिकारों के विषय में चर्चा की गई। दूसरे दिन जनसंख्या वृद्धि पर वाद-विवाद का अयोजन किया गया। देश की सांस्कृतिक धरोहर की रक्षा के लिए रेंजर्स को जागरूक किया गया। शिविर के तीसरे दिन के कार्यक्रम में शिविका अग्रवाल (सिविल इंजीनियर) द्वारा मैपिंग सत्र का आयोजन किया गया। इसके बाद सब-इंस्पेक्टर श्री पी. के. तोमर द्वारा सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी गई। चौथे दिन प्राथमिक चिकित्सा, गाँठे बन्धन का सत्र आयोजित किया गया। पाँचवें दिन समापन के अवसर पर रेंजर्स द्वारा टैन्ट लगाए गए एवं अतिथियों के सत्कार के लिए भोजन बनाया गया। मुख्य अतिथि प्रो. मेजर पंकज छाबड़ा द्वारा सभी रेंजर्स के सुनहरे भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की गई।









## दीपावली स्वरोज़गार मेला





दिनांक 29 अक्टूबर, 2021 को महाविद्यालय परिसर में दीपावली के अवसर पर छात्रा स्वरोज़गार मेले का आयोजन किया गया। गृह विज्ञान विभागाध्यक्षा डॉ. निशा शुक्ला की देखरेख में मेले का आयोजन किया गया, जिसमें प्रवक्ता सपना चौधरी, श्रीमती मोना जैन व डॉ. सीमा रानी के सहयोग से छात्राओं ने मेले में तरह-तरह के व्यंजन बनाये और दीपावली पर्व के मद्देनज़र सजावटी समान के स्टाल भी लगाये। इस दौरान डॉ. कमलप्रीत, डॉ. छवि द्वारा साज-सज्जा व खाने-पीने की वस्तुओं का स्टाल लगाया गया। प्राचार्या प्रो. मेजर पंकज छाबड़ा ने छात्राओं के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इससे स्वरोज़गार की भावना उत्पन्न होती है। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्रवक्ताओं, ऑफिस स्टाफ व छात्राओं ने जमकर खरीदारी की और स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद उठाया।

## महाविद्यालय में टी प्वाइंट की स्थापना

दिनांक 4 जनवरी, 2022 को महाविद्यालय में टी प्वाइंट की स्थापना की गई। इसका उद्घाटन प्राचार्या प्रो. मेजर पंकज छाबड़ा ने किया। इससे समस्त स्टाफ को अपनी सुविधा व इच्छानुसार चाय का आनंद लेकर पुनः ऊर्जावान होकर कार्य करने का लाभ मिलेगा। एक छोटा-सा टी-ब्रेक सभी को तरोताज़ा महसूस कराएगा। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित था। महाविद्यालय के महापर्वों के अवसर पर भी इस टी प्वाइंट की विशिष्ट भूमिका रही।







## लोहड़ी

दिनांक 13 जनवरी, 2022 को महाविद्यालय स्टाफ व छात्राओं द्वारा लोहड़ी का पर्व अत्यन्त उल्लास के साथ मनाया गया। टी प्वाइंट पर चाय बनवायी गयी तथा सभी ने मूँगफली, पापकॉर्न व गजक, रेवड़ी इत्यादि का आनन्द लिया व एक-दूसरे को लोहड़ी की शुभकामना दी। महाविद्यालय छात्रावास की छात्राओं ने भी लोहड़ी पर्व हर्ष-उल्लास से मनाया।



## बसंत पंचमी

दिनांक 4 फरवरी, 2022 को संगीत विभाग में 'बसंत पंचमी' के अवसर पर कार्यक्रम का अयोजन कराया गया, जिसका शुभारम्भ प्राचार्या प्रो. पंकज छाबड़ा व डॉ. अमिता अग्रवाल द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया, इसके पश्चात छात्रा सृष्टि शर्मा (बी.ए. द्वितीय वर्ष) के द्वारा सरस्वती वन्दना की प्रस्तुति की गई, छात्रा आशी सैनी द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की शिक्षिकाओं डॉ. जया, डॉ. अनुपम बसंल तथा डॉ. निशा शुक्ला ने छात्राओं को बंसत पंचमी के महत्व के बारे में अवगत कराया।





# महाविद्यालय के महापर्व

## होली मीट

दिनांक 16 मार्च, 2022 को अर्थशास्त्र विभाग द्वारा होली मीट का आयोजन किया गया जिसमें शिक्षिकाओं एवं स्टाफ ने होली पर एक-दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं। छात्राओं ने सुरूचिपूर्ण तरीके से सभागार को सुसज्जित किया तथा होली के स्वादिष्ट मिष्ठानों व पकवानों से होली मीट के आयोजन को बहुत रंगीन व आकर्षक बना दिया। कार्यक्रम विभागाध्यक्षा श्रीमती ज्योति यादव के निर्देशन में हुआ ।



# स्वास्थ्य

## पोषणयुक्त आहार स्पर्धा

दिनांक 29 जुलाई, 2021 को महाविद्यालय में महिला आउटरीच कार्यक्रम के अंतर्गत गृह विज्ञान विभाग में पोषणयुक्त आहार स्पर्धा आयोजित की गई। डॉ. निशा शुक्ला के नेतृत्व में छात्राओं ने स्पर्धा में बढ़-चढ़कर भाग लिया व विभिन्न प्रकार के पौष्टिक आहार बनाये। डॉ. सुरेन्द्र कौर (पूर्व विभागाध्यक्षा, गृह विज्ञान विभाग) स्पर्धा की निर्णायक रहीं। इस स्पर्धा में 34 छात्राओं ने भाग लिया।

निम्नलिखित छात्राओं को पुरस्कार मिला।

| क्र. | छात्रा का नाम | कक्षा | पुरस्कार | आहार का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | फरहीन | एम.ए. द्वितीय सेमेस्टर | प्रथम | चौलाई के पराठे |
| 2. | फरहीन फरहत | एम.ए. द्वितीय सेमेस्टर | द्वितीय | पॉपकॉर्न के लड्डू |
| 3. | सना प्रवीन | एम.ए. द्वितीय सेमेस्टर | तृतीय | सोयाबीन के कबाब |
| 4. | लक्ष्मी | एम.ए. द्वितीय सेमेस्टर | सांत्वना | सोयाबीन के लड्डू |
| 5. | तौयबा | एम.ए. चतुर्थ सेमेस्टर | सांत्वना | चौलाई के लड्डू |





## विश्व हृदय दिवस




दिनांक 29 सितम्बर, 2021 को महाविद्यालय में विश्व हृदय दिवस मनाया गया। कॉलेज डिस्पेंसरी प्रभारी डॉ. शबाना सिंह के द्वारा आमंत्रित की गयी, डॉ. शिवांका गौर अपनी टीम मेम्बर्स, मुदस्सर अली (District Consultant, National Tobacco Control Programme), ललित भारती (Finance Cum Logistics Consultant, NCD Cell), सूर्या प्रताप (Data Entry Operator, NCD Cell) और देवेन्द्र कुमार (Clinical Psychologist - National Mental Health Programme) के साथ आकर हृदय रोग संबंधी जानकारी दी। उन्होंने हृदय रोग के कारण एवं निवारण संबंधी विशिष्ट मार्गदर्शन किया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय की समस्त शिक्षिकाएँ, छात्राएँ एवं प्राचार्या उपस्थित रहीं। प्राचार्या डॉ. पंकज छाबड़ा एवं डॉ. अनुपम बसंल ने भी हृदय रोग संबंधी जानकारी पर प्रकाश डाला। अन्त में डॉ. शिवांका ने छात्राओं को नाश्ते के पैकेट दिए और कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान की प्रस्तुति में हुआ।

## ‘विश्व थायरॉइड दिवस’

शिक्षा निदेशक (उच्च शिक्षा) प्रयागराज के पत्र के अनुपालन में महाविद्यालय की अंग्रेज़ी विभाग की प्रवक्ता डा. शबाना सिंह द्वारा ‘विश्व थायरॉइड दिवस’ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य थीम ‘महिला स्वास्थ्य व थायरॉइड रही। कार्यक्रम का शुभारम्भ अंग्रेज़ी विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. अमिता अग्रवाल द्वारा किया गया। छात्राओं को थॉयराइड संबंधी विभिन्न जानकारी देते हुए डॉ. अनुपम बंसल ने भी इस गम्भीर बीमारी के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। एम.ए. अंग्रेज़ी विभाग की समस्त छात्राओं ने इस गोष्ठी में उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।











## आरटीपीसीआर टेस्ट

दिनांक 3 दिसम्बर, 2021 को महाविद्यालय के सभागार में आरटीपीसीआर के लिए स्वास्थ विभाग की टीम आयी। कॉलेज की लगभग सभी छात्राओं ने यह टेस्ट करवाया। लगभग तीन घण्टे तक यह टेस्ट चला। स्वास्थ विभाग की टीम के साथ महाविद्यालय की डिस्पेंसरी इंचार्ज डॉ. शबाना सिंह व उनकी सहयोगी श्रीमती रमा जैन भी वहाँ उपस्थित रहीं जिन्होंने छात्राओं को यह आरटीपीसीआर टेस्ट कराने के लिए उत्साहित किया।




## स्वास्थ्य संबंधी सम्पूर्ण ब्लड टेस्ट

दिनांक 22 दिसम्बर, 2021 महाविद्यालय में स्वास्थ्य संबंधी सम्पूर्ण टेस्ट करने के लिए ‘लाल पैथलेब्स’ की ओर से एक कैम्प का आयोजन किया गया। कम खर्च में संपूर्ण ब्लड टेस्ट से प्रेरित होकर महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. मेजर पंकज छाबड़ा, समस्त शिक्षिकाओं व चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों व छात्राओं आदि ने अपना ब्लड सैम्पल जाँच हेतु दिया। इस कैम्प का आयोजन महाविद्यालय की डिस्पेंसरी इंचार्ज डॉ. शबाना सिंह द्वारा किया गया।

## कोरोना टीकाकरण

दिनांक 13 मार्च, 2022 को महाविद्यालय में छात्राओं का कोरोना टीकाकरण कराया गया। स्वास्थ अधिकारी व उनके सहयोगियों ने महाविद्यालय के कॉंफ्रेंस हॉल में छात्राओं को टीका लगाया। यह कार्यक्रम लगभग तीन घण्टे जारी रहा। प्राचार्या प्रो. मेजर पंकज छाबड़ा ने छात्राओं को टीकाकरण का महत्व समझाया व उनको टीका लगवाने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय की डिस्पेंसरी इंचार्ज डॉ. शबाना सिंह व उनकी सहयोगी श्रीमती रमा जैन की देख-रेख में टीकाकरण सम्पन्न हुआ।

## विश्व पर्यावरण दिवस

दिनांक 7 जौलाई, 2021 को महाविद्यालय में महिला आउटरीच कार्यक्रम के अंतर्गत सुश्री ज्योति यादव, रेंजर प्रभारी ने विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में रानी झाँसी टीम रेंजर की 14 छात्राओं की 55 पौधे दिये व वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया। छात्राओं ने पौधे अपने घर के आस-पास व अपनी घर की महिलाओं व पड़ोसियों के सहयोग से लगाये और उनको भी पर्यावरण एवं स्वच्छता के लिए जागरूक किया। इस कार्यक्रम में डॉ. रत्ना त्रिवेदी ने छात्राओं को पर्यावरण दिवस की जानकारी दी व छात्राओं को प्रकृति के संरक्षण व स्वच्छता के लिए प्रेरित किया।





## किचन वेस्ट मैनेजमेन्ट

दिनांक 21 दिसम्बर, 2021 को महिला आउटरीच कार्यक्रम में डॉ. रत्ना त्रिवेदी ने पर्यावरण संरक्षण की गतिविधि का आयोजन कराया। जिसमें प्राचार्या प्रो. मेजर पंकज छाबड़ा मुख्य वक्ता रहीं। इस गतिविधि में छात्राओं को किचन वेस्ट को डिकम्पोज़ करने की विधि बताई गयी। कॉलेज प्रांगण में सूखी पत्तियों को कैसे डिकम्पोज़ कर खाद बनाई जाती है सिखाया गया। छात्राओं ने बढ़ चढ़कर इसमें सहभागिता की व पाँच बैग खाद से भरे। छात्राएँ बहुत उत्साहित दिखी, इस गतिविधि में 33 छात्राओं ने भाग लिया, छात्राओं को पॉलीथीन व सूखी पत्तियों को न जलाने के निर्देश दिये गये व प्रकृति को संरक्षित करने के उपाय बताये गये।









## वन महोत्सव 2021

वन महोत्सव 2021 के अन्तर्गत वन विभाग से मिले 500 पौधों को लगाया गया, जिसमें 50 पौधे सागोन एवं 10 पौधे आँवला के महाविद्यालय परिसर में लगाये गय। 50 सहजन के पौधे शिक्षिकाओं को वितरित किए गए। नीम एवं यूकेलिप्टिस के 200 पौधे महाविद्यालय की छात्र महकारा, 100 यूकेलिप्टिस पौधे दीपा द्वारा अपने गाँव में लगाये गये। 100 अर्जुन के पौधे सामाजिक कार्यकर्ता श्री तनवीर ने लोगों के माध्यम से लगवाये।



## स्वच्छ भारत अभियान

दिनांक 22 अक्टूबर, 2021 को शिक्षा विभाग, जे.वी. जैन कॉलेज, सहारनपुर द्वारा 'स्वच्छ भारत अभियान' विषय पर निबन्ध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय की छात्रा शिवानी गर्ग, बी.ए., द्वितीय वर्ष ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।



## जल है तो कल है




दिनांक 23 मार्च, 2022 को राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर प्रथम कार्य दिवस की शुरूआत प्राचार्या प्रो. मेजर पंकज छाबड़ा के उदबोधन तथा 'जल संरक्षण' की थीम से हुआ। इसके पश्चात् 'जल है तो कल है', जो न जागा जल के लिए, वह न बचेगा कल के लिए', जल है सच्चा सोना, 'बूँद-बूँद बचाना' है आदि नारों के माध्यम से रैली निकालकर लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया।












## हरी-भरी धरा

दिनांक 24 मार्च, 2022 राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के द्वितीय सत्र में महाविद्यालय की प्रवक्ता डॉ. अनुपम बंसल (अंग्रेज़ी विभाग) तथा डॉ. जया (विभागाध्यक्षा हिन्दी विभाग) ने स्वयंसेवी छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण व स्वच्छता के लिए प्रेरित किया। जल पुरूष डॉ. राजेन्द्र द्वारा जल के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए किये जा रहे प्रयासों पर रोचक जानकारी दी।







## पर्यावरण पर समूह चर्चा

दिनांक 5 जून, 2022 विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अर्थशास्त्र विभाग द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। एम.ए. द्वितीय सेमेस्टर की छात्राओं ने 'पर्यावरण को प्रभावित किए बिना क्या आर्थिक विकास संभव है।' विषय पर समूह चर्चा की। कार्यक्रम का आयोजन विभागाध्यक्षा श्रीमती ज्योति यादव ने किया। अदीबा, मीनू, तरूणी, शीबा, वसिया मलिक, प्रीति गुप्ता तथा खदीजा इत्यादि ने चर्चा में प्रतिभागिता की।



## छात्र स्वरोज़गार मेला

दिनांक 29 अक्टूबर, 2021 को छात्राओं को स्वावलम्बी बनाने की दिशा में महाविद्यालय के प्रांगण में छात्रा स्वरोज़गार मेले का अयोजन किया गया। प्राचार्या प्रो. मेजर पंकज छाबड़ा ने मेले का शुभारम्भ किया। इस मौके पर डॉ. निशा शुक्ला तथा विभाग की अन्य प्रवक्ताओं कु. सपना चौधरी, श्रीमती मोना जैन, डॉ. सीमा के सहयोग से छात्राओं ने मेले में अनेक हैंडीक्राफ्ट, जैसे टेबल मैट, किचन नैपकिन, सजावटी दीपक, रंगोली आदि के स्टॉल लगाए। डॉ. कमलप्रीत व डॉ. छवि द्वारा भी सज्जा व खाने-पीने के स्टॉल लगाए गए।


मेले का फीता काटकर शुभारम्भ करते मुख्यअतिथि।

## कार्यशाला में दिया फूड प्रोसेसिंग का प्रशिक्षण

दिनांक 6-7 दिसम्बर, 2021 को महाविद्यालय में स्किल डेवलपमेंट के अंतर्गत फूड प्रोसेसिंग कार्यशाला आयोजित की गई। इस दौरान छात्राओं को आंवला का मुरब्बा बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। कॉलेज के बाजोरिया सभागार में आयोजित कार्यशाला में मुख्य अतिथि व फूड इंडस्ट्रीके डायरेक्टर श्री सचिन गुप्ता ने छात्राओं को फूड प्रोसेसिंग के बारे में जानकारी दी। मुरब्बा बनाने की जानकारी लेने के बाद छात्राओं ने पैकेजिंग की प्रक्रिया भी सीखी, इस दौरान फूड प्रोसेसिंग से संबंधी छात्राओं के कई सवालों का जवाब भी दिया गया। प्राचार्या प्रो. पंकज छाबड़ा ने श्री सचिन गुप्ता को कॉलेज में प्रशिक्षण देने के लिए आभार जताया। कार्यशाला स्किल डेवलपमेंट एवं फूड प्रोसेसिंग की कोऑर्डिनेटर डॉ. विनीता दुबे ने आयोजित करवायी।



## महिलाओं के स्वावलम्बन संबंधी गोष्ठी

दिनांक 9 फरवरी को महाविद्यालय में महिला आउटरीच कार्यक्रम के अंतर्गत प्रभारी डॉ. रत्ना त्रिवेदी ने 'महिलाओं के स्वावलम्बन संबंधी मुद्दे' की गोष्ठी का आयोजन करवाया। जिसमें अर्चना ग्रामोद्योग सामाजिक संस्थान की सचिव श्रीमती अर्चना रानी ने एम.ए. सेमेस्टर प्रथम व तृतीय (समाजशास्त्र) की छात्राओं को स्वावलंबी बनने के लिए स्वयं सहायता समूह बनाकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। सचिव श्रीमती अर्चना ने छात्राओंको सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी व छात्राओं को स्वावलंबी बनने की समाज में क्या आवश्यकता है इसकी जानकारी दी। कार्यक्रम में श्रीमती अनुपम गुप्ता, डॉ. गुंजन त्रिपाठी, कु. गुलफ्शा, कु. शीबा व ब्रिजेश मौजूद रहे।




## दो दिवसीय क्राफ्ट अवेयरनेस कार्यक्रम

दिनांक 22 फरवरी, 2022 को महाविद्यालय में कार्यालय विकास आयुक्त, वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में दो दिवसीय क्राफ्ट अवेयरनेस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन असिस्टेंट डायरेक्टर सुनील कुमार शर्मा एवं प्राचार्या प्रो. पंकज छाबड़ा ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में डिज़ाइनर रिंकी गौतम एवं श्रीमती रूपाली त्यागी द्वारा देश के विभिन्न हिस्सों में विकसित क्राफ्ट कला का परिचय दिया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को लकड़ी के टुकड़े पर ड़िजाइन बनाना सिखाया गया। श्री सुनील कुमार ने छात्राओं को बताया कि वह क्राफ्ट की विभिन्न विधाओं में निपुण होकर स्वरोज़गार कर सकती है। महाविद्यालय की स्किल डेवलपमेंट कोर्स की कोऑर्डिनेटर डॉ. विनीता दुबे ने कार्यक्रम का संचालन किया उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में नई शिक्षा नीति के अंतर्गत हैंडीक्राफ्ट कोर्स का संचालन किया जा रहा है। कार्यक्रम में एनजीओ संचालक श्रीमती अर्चना, श्री योगेश पाठक, श्री अजमल खान एवं महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं छात्राएं उपस्थित रहे।


दो दिवसीय क्राफ्ट अवेयरनेस कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

स्वरोज़गार

# स्वरोज़गार मेले का आयोजन

दिनांक 26-27 मार्च, 2022 को महाविद्यालय में इनवन्यूबेशन सेंटर/उद्यमिता केन्द्र का शुभारंभ सचिव प्रबंध समिति श्री राजकुमार खेमका व प्राचार्या प्रो. मेजर पंकज छाबड़ा ने किया। स्वरोज़गार मेले में छात्राओं द्वारा हस्त निर्मित सामग्री जैसे कपड़े के बैग, मास्क, आचार, कला का सामान, गुलदस्ते, कपड़े, सजावट का सामान आदि बिक्री हेतु रखे गए। मेले के आयोजन में श्रीमती ज्योति यादव, कु. प्रीति, अंतिम व एम.ए. अर्थशास्त्र, बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्राओं ने विशेष सहयोग किया। मेले में रोज़गार प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. रत्ना त्रिवेदी व कु. शीबा के अलावा महाविद्यालय की समस्त शिक्षिकाएँ मौजूद रहीं।







राष्ट्रीय सेवा योजना

# राष्ट्र को समर्पित राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर

महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नीतू वर्मा के नेतृत्व में सात दिवसीय विशेष शिविर का अयोजन दिनांक 23 मार्च से 29 मार्च, 2022 तक किया गया। शिविर के दौरान छात्राओं ने स्वच्छता, महिला जागरूकता, मिशन शक्ति, स्वास्थ्य, स्वावलम्बन आदि विषयों को लेकर ग्राम हलालपुर में सक्रिय रूप से कार्य किया। शिविर के दौरान नगर आयुक्त श्री ज्ञानेन्द्र सिंह के नेतृत्व में स्वच्छता रैली निकाली गई जिसमें आई.टी.सी. मिशन के सदस्य भी शामिल हुए। छात्राओं द्वारा 'स्वच्छता' की थीम पर नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गई। ऊर्जा संरक्षण की थीम पर भी रैली निकालकर ग्रामीणों को ऊर्जा की बचत का संदेश भी दिया गया।





समाजशास्त्र विभाग की पूर्व प्रभारी श्रीमती सुमेधा नीरज द्वारा महिलाओं को सशक्त बनाने वाली विविध योजनाओं जैसे- सुकन्या समृद्धि योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, राजीव गाँधी योजना इत्यादि की जानकारी दी गई।



# राष्ट्रीय एकता शिविर

भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तत्वाधान में दिनांक 21 मई, 2022 से 27 मई, 2022 तक सम्राट पृथ्वीराज चौहान डिग्री कॉलेज, बागपत में राष्ट्रीय एकता शिविर का आयोजन हुआ। इसमें देश भर के 14 राज्यों के 200 स्वयं सेवक-सेविकाओं ने प्रतिभाग किया। माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय से कुल 10 स्वयं सेवक-सेविकाओं का चयन हुआ, जिसमें महाविद्यालय की ओर से प्रतीक्षा (एम.ए. चुतुर्थ सेमेस्टर), कामिनी, स्वीटी (एम.ए. द्वितीय सेमेस्टर), मोहिनी, मेहकारा (बी.ए. तृतीय वर्ष) की छात्राएँ राष्ट्रीय एकीकरण शिविर में शामिल हुई।



## राष्ट्रीय सेवा योजना

# सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ

सात दिवसीय विशेष शिविर सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ ग्राम हलालपुर में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. मेजर पंकज छाबड़ा मुख्य अतिथि रहीं। उन्होंने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। स्वयं सेवकों द्वारा स्वागत गीत की सुन्दर प्रस्तुति दी गई। स्वयं सेवकों द्वारा महिला सशक्तिकरण की थीम पर नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गई तथा अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में एन.एस.एस. छात्राओं द्वारा 'देश रंगीला' गीत पर मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्रवक्ताएँ आई.टी.सी. मिशन सुनहरा कल के प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर मौ. अर्श व असि. प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर मौ. तबरेज़ अन्य सदस्य व ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम की समाप्ति पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नीतू ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया।





## महाविद्यालय के सितारे

### सत्र 2020-21 में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्राएँ

| क्र.सं. | नाम | कक्षा |
|---|---|---|
| 1. | फातिमा नवाज़ | बी.ए., तृतीय वर्ष |
| 2. | काजल गोयल | बी.कॉम., तृतीय वर्ष |
| 3. | सानिया शमीम | एम.ए., अंग्रेज़ी |
| 4. | गुलफ्शा | एम.ए., हिन्दी |
| 5. | अंजलि देवी | एम.ए., संस्कृत |
| 6. | ज़ैनब | एम.ए., अर्थशास्त्र |
| 7. | फातिमा | एम.ए., राजनीति विज्ञान |
| 8. | पारूल | एम.ए., समाजशास्त्र |
| 9. | मेघा सिंह आर्य | एम.ए., ड्राईंग एण्ड पेंटिंग |
| 10. | हिमानी आनंद | एम.ए., गृह विज्ञान |

### शिक्षणेत्तर गतिविधियों की सर्वश्रेष्ठ छात्राएँ

| क्र.सं. | छात्रा का नाम | कक्षा | गतिविधि |
|---|---|---|---|
| 1. | आकांक्षा यादव | एम.ए. प्रथम सेमेस्टर | एन.सी.सी. |
| 2. | लुबना रज़ा | बी.ए. तृतीय वर्ष | एन.एस.एस. |
| 3. | मधु | बी.ए. द्वितीय वर्ष | रेंजर |
| 4. | साक्षी कश्यप | एम.ए. तृतीय वर्ष | प्रॉक्टर बोर्ड |
| 5. | करिशमा | बी.ए. तृतीय वर्ष | स्पोर्ट्स |
| 6. | फातिमा नवाज़ | बी.ए. तृतीय वर्ष | सांस्कृतिक |

# नई शिक्षा नीति-विकास का नया सोपान

**Progress is impossible without change and**
**those cannot change their minds cannot change anything.**

**परिवर्तन के बिना प्रगति असंभव है। जो व्यक्ति अपनी सोच नहीं बदल सकते,**
**वे कुछ भी नहीं बदल सकते।**

**- जॉर्ज बनार्ड शॉ**










कालान्तर के साथ स्वयं की सोच व कार्यप्रणाली में बदलाव लाना व उसे समाज द्वारा स्वीकार किया जाना किसी भी राष्ट्र के विकास का एक महत्वपूर्ण बिंदु है। जब बात शिक्षा की हो तो बदलाव की स्वीकृति और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। भारत में पिछले कई दशकों से पुरानी शिक्षा-प्रणाली ही कार्यन्वित हो रही थी, परन्तु वर्ष 2020 में भारत सरकार द्वारा नई शिक्षा नीति का शुभारम्भ किया गया जो कि शिक्षा क्षेत्र में एक क्रान्तिकारी बदलाव है एवं भारतीय शिक्षा पद्धति को वैश्विक स्तर पर खड़ा करनें में भी कारगार होगी।

नई शिक्षा नीति का मुख्य उद्देश्य छात्रों पर पढ़ाई का बोझ कम करने, रटने की पद्धति से हटकर सीखने पर ज़ोर, कौशल विकास, तकनीकी उपयोग, विभिन्न भाषाएँ सीखना, छात्रों को भारतीय मूल्यों व संस्कृति से जोड़ना, रचनात्मक व तार्किक सोच बनाना, व्यवसायिक शिक्षा को बढ़ावा देना इत्यादि है। नई शिक्षा नीति का लचीलापन, समग्र व बहुविषयक शिक्षा इसका महत्वपूर्ण आकर्षण है। दिलचस्प व प्रासंगिक पाठ्यक्रम छात्रों की क्षमताओं के विकास व बेहतरी के लिए कारगार साबित होंगे। नई शिक्षा नीति के अन्तर्गत शिक्षा प्रणाली अत्यन्त लचीली है, परिणामस्वरूप छात्र अपनी पसन्द के विषयों को आसानी से चुन सकते हैं। हर्ष का विषय है कि सत्र 2021-22 में हमारे महाविद्यालय में भी नई शिक्षा नीति के अन्तर्गत पाठ्यक्रम आरम्भ किया जा चुका है। स्नातक प्रथम वर्ष के कोर्स नई शिक्षा नीति के अन्तर्गत आरम्भ हुए हैं। इसमें छात्रों को मुख्य विषयों के साथ 7 माइनर विषयों में से कोई एक मनपसन्द विषय चुनने का अवसर मिला है तथा साथ ही कौशल विकास से संबंधित दो कोर्स फूड प्रोसेसिंग तथा हैण्डीक्राफ्ट में से भी एक विषय को चुनने का विकल्प प्राप्त हुआ है। कोकरिक्युलर कोर्स के अन्तर्गत फूड, न्यूट्रीशियन एण्ड हाईजीन कोर्स भी आरम्भ हुआ है।

बी.ए. द्वितीय सेमेस्टर में कौशल विकास पाठ्यक्रम के अन्तर्गत वाद्य-तबला, ब्यूटी एण्ड वेलनेस, खाद्य संरक्षण (फूड्स एण्ड वेजिटेबल्स), हैण्डीक्राफ्ट (एम्ब्रोइडरी) तथा बेसिक कम्यूनिकेशन इंग्लिश के कोर्स प्रारम्भ हो चुके हैं। नई शिक्षा नीति के अन्तर्गत शिक्षण कार्य के स्तर में गुणवत्ता लाने हेतु भी महाविद्यालय प्रयासरत है। आगामी वर्षों में शिक्षकों के लिए फेकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम्स आयोजित करने की महाविद्यालय की योजना है। शिक्षा के क्षेत्र में निरन्तर सुधार व गुणवत्ता बढ़ाने के लिए महाविद्यालय कृत संकल्प है तथा आप सभी के सहयोग से इस प्रयास को सदैव गति मिलती रहेगी।

**डॉ. अनुपम बंसल**
संपादक
एसोसिएट प्रोफेसर, अंग्रेज़ी विभाग

